## न्यूज डायरी



### कोरोना हॉस्पिटल से निकल अचानक प्रशंसकों के बीच पहुंचे डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कोरोना वायरस महामारी से जूझ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रविवार शाम को अचानक अपने हॉस्पिटल से बाहर निकल आए और वहां पहले से मौजूद प्रशसंकों का अभिवादन स्वीकार किया। वाइट हाउस ने एक बयान जारी करके कहा कि ट्रंप शाम को 5.30 बजे कुछ देर के लिए वॉल्टर रीड हॉस्पिटल से बाहर आए और कार में बैठकर अपने प्रशंसकों के बीच गए। कुछ देर बाद वह वापस अस्पताल के अंदर चले गए। इस यात्रा से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने एक वीडियो जारी करके कहा था कि वह अपने समर्थकों से मिलने के लिए अचानक से बाहर आएंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, मैंने कोविड–19 के बारे में काफी कुछ सीखा है। मैंने वास्तव में इसे स्कूल जाकर सीखा है। यह वास्तविक स्कूल है। माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सेहत में हो रहे सुधार को दिखाने के लिए अस्पताल से बाहर आए। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के बीच ट्रंप के दांव से विपक्षी भी हैरान हैं।

### भारत वैज्ञानिक आंकड़ों को साझा करने को बहुत महत्व देता हैः डीएसटी सचिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के सचिव आशुतोष शर्मा ने वैश्विक सहयोगियों के साथ वैज्ञानिक आंकड़ों को साझा करने पर भारत द्वारा दी जा रही तवज्जो को रेखांकित किया है। डीएसटी ने रविवार को यह बात कही। शनिवार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की बैठक को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि कोरोना वायरस का टीका परीक्षण के काफी आगे के चरण में पहुंच गया है और भारत में आबादी के एक बड़े हिस्से को टीके की आपूर्ति करने की क्षमता है। शर्मा ने कहा कि भारत वैज्ञानिक आंकड़ों को साझा करने को बहुत महत्व दे रहा है और यह बात भारत की नेशनल डेटा शेयरिंग और एक्सेसिबिलिटी पॉलिसी (आईएनडीएसएपी) से तथा एक सरकारी डेटा पोर्टल से स्पष्ट होती है। कार्यक्रम की मेजबानी जापान ने की।

### प्रीति पटेल ने ब्रिटेन में शरणार्थी व्यवस्था में बड़े बदलाव करने का वादा किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने ब्रिटेन में शरण मांगने की व्यवस्था में कई दशकों के सबसे बड़े बदलाव करने का रविवार को वादा किया। भारतीय मूल की मंत्री ने कहा कि वास्तविक आवेदकों के प्रति दृढ एवं निष्पक्ष रहा जाएगा तथा अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्ती से पेश आया जाएगा। मंत्री ने कंजर्वेटिव पार्टी के सम्मेलन में कहा कि मौजूदा प्रणाली बुनियादी रूप से टूट चुकी है और वह इसमें पूर्ण सुधार के लिये अगले साल पेश किये जाने वाले एक विधेयक के मसौदा को अंतिम रूप देने में जुटी हुई हैं। 'चौरिटी रिफ्यूजी एक्शन' के मुताबिक 2019 में ब्रिटेन में शरण पाने के लिये 35,566 आवेदन मिले जो 2002 में मिले सर्वाधिक 84,000 आवेदनों से बहुत कम हैं। प्रवासियों के इंग्लिश चौनल होते हुए अवैध मार्गों से ब्रिटेन में प्रवेश करने का मुद्दा कई हफ्तों से सुर्खियों में रहा है। वहीं, इस मुद्दे पर दया एवं करूणा की भावना नहीं दिखाने को लेकर विपक्षी लेबर पार्टी ने सरकार के इस कदम की आलोचना की है।

### उष्णकटिबंधीय तूफान 'गामा' से दक्षिणी मेक्सिको में छह की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेक्सिको सिटी। दक्षिणी मेक्सिको में उष्णकटिबंधीय तूफान 'गामा' की वजह से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई जबकि हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि तूफान की वजह से युकातन प्रायद्वीप में भारी बारिश हुई और इस दौरान हरिकेन (तूफान जिसमें बहुत तेज हवाएं चलती हैं) के दौरान चलने वाली हवाओं की गति से हवा चल रही थी। अधिकारियों ने कहा कि तबास्को और चियापास राज्यों में तूफान की वजह से काफी बारिश हुई। मेक्सिको की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने एक बयान में कहा कि चियापास में दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हुई। उनके मुताबिक पहाड़ी ढलान का मलबा उनके घर पर गिरने से यह हादसा हुआ।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर राजद्रोह का मुकदमा

**आरोप**

## एफआईआर में नवाज पर लंदन में भड़काऊ भाषण देकर साजिश रचने का आरोप लगाया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्घ्तानी सेना के कारनामों की पोल खोल रहे देश के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक नवाज शरीफ के खिलाफ लाहौर में यह मुकदमा दर्ज किया गया है। एफआईआर में कहा गया है कि नवाज शरीफ ने लंदन में भड़काऊ भाषण देकर पाकिस्तान के प्रतिष्ठित संस्थानों के खिलाफ साजिश रची।

एफआईआर में कहा गया है कि नवाज शरीफ के इन भाषणों का मकसद पाकिस्तान को गुंदागर्दी करने वाला राज्य घोषित करना है। इससे एक दिन पहले ही नवाज शरीफ के दामाद कैप्टन (रिटायर) मुहम्मद सफदर के खिलाफ भी राजद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया था। उनके ऊपर देश और संस्थानों के खिलाफ लोगों को भड़काने का आरोप लगा था।



**भारत नवाज शरीफ की मदद कर रहेः इमरान खान** इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया था कि भारत पाकिस्तानी सेना को कमजोर करने के लिए नवाज शरीफ की मदद कर रहा है। इमरान ने कहा कि नवाज शरीफ सेना पर राजनीतिक हस्तक्षेप का आरोप लगाकर एक खतरनाक खेल खेल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान के इतिहास में इस समय सेना और सरकार के बीच सबसे अच्छे संबंध हैं। इमरान का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब उन्होंने राजनीति में हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार को लेकर सेना के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है।

इमरान खान ने पाकिस्तान के एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा, नवाज शरीफ एक खतरनाक खेल खेल रहे हैं। अल्ताफ हुसैन ने भी इसी तरह का खेल खेला था। मुझे 100 फीसदी विश्वास है कि भारत पीएमएल एन नेता नवाज शरीफ की मदद कर रहा है। उन्होंने कहा, अगर हमारी सेना कमजोर होती है तो यह किसके हित में है। इमरान ने कहा कि कुछ मूर्ख उदारवादी हैं जो नवाज शरीफ के बयान से सहमत हैं।

**नवाज शरीफ को भारत का समर्थन हासिलः** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा कि नवाज शरीफ सेना पर हमले करके बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं। वह कायर हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि उन्हें भारत का समर्थन हासिल है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नवाज शरीफ को मानवीय आधार पर जाने के लिए अनुमति दी थी लेकिन अब वह राजनीति कर रहे हैं। हमें पता चला है कि वह कई लोगों से मिल रहे हैं और देश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं।

इमरान ने दावा किया कि वह देश के इतिहास में पहले ऐसे नेता हैं जो सेना की नर्सरी में पले–बढ़े नहीं हैं जैसे नवाज शरीफ या जुल्फिकार अली भुट्टो थे।

## पाकिस्तान में हिंदू किशोरी का अपहरण कर गैंगरेप, हालत गंभीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। इमरान खान के रियासत ए मदीना पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ जारी अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक एक 15 साल की हिंदू किशोरी के साथ बलात्कार का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि हथियारों से लैस हैवानों ने हिंदू लड़की का अपहरण किया और गैंगरेप करने के बाद उसे सड़क पर फेंक दिया।

पाकिस्तानी मानवाधिकार कार्यकर्ता राहत आस्टिन के मुताबिक लड़की की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। अभी कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान के सध्धि प्रांत के थारपारकर जिले में एक 17 साल हिंदू किशोरी ने आत्म्महत्घ्या कर लिया था। परिवारवालों का कहना है कि हिंदू लड़की के साथ एक साल पहले बलात्कार हुआ था और अपराधी उसे ब्लैकमेल कर रहे थे। परिवार वालों ने बताया कि किशोरी ने इससे परेशान होकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या की यह घटना दलान–जो–तार की है।

ग्रामीणों ने लड़की का शव कुएं से निकाला और उसका पोस्टमॉर्टम किया गया है। लड़की के पिता ने कहा, पिछले साल जुलाई महीने में लड़की के साथ तीन लोगों ने गैंगरेप किया था और इस मामले के आरोपी जमानत पर हैं। एसएसपी ने बताया कि प्रारंभिक मेडिकल रिपोर्ट में लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की पुष्टि हुई है।



## शोध में दावा, दरवाजे को छूने से नहीं फैलता कोरोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैलिफोर्निया। कोरोना वायरस से जूझ रही दुनिया के लिए अच्छी खबर है। अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया में हुए एक शोध में दावा किया गया है कि कोरोना वायरस महामारी सतह जैसे दरवाजे के जरिए नहीं फैलता है। इस शोध में शामिल प्रफेसर मोनिका गांधी ने कहा कि सतह के जरिए कोरोना वायरस के फैलने का मुद्दा वास्तव में खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि सतह पर पड़े किसी भी वायरस में इतना दम नहीं होता है कि वह इंसान को बीमार बना दे। इस शोध से पता चला है कि कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए हाथ धोने और अपने चेहरे को नहीं छूने जैसे कदमों से ज्यादा कारगर सोशल डिस्घ्टेंसिंग और मास्क पहनना है। मोनिका ने कहा कि इसका मतलब यह भी है कि पूरी दुनिया में सतह पर लगातार बैक्टिरिया रोधी स्प्रे का छिड़काव अनावश्यक हो सकता है।

# भारत–चीन युद्ध हुआ तो अटल टनल को बर्बाद कर देगी चीनी सेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन के सरकारी भोपू ग्लोबल टाइम्स ने इशारों ही इशारों में धमकी दी है कि अगर भारत और चीन के बीच युद्ध हुआ तो चीनी सेना भारत के हाल ही में बनाए गए अटल टनल को बर्बाद कर देगी। चीनी अखबार ने एक वध्शिेषज्ञ के हवाले से आरोप लगाया कि यह भारतीय इलाका बहुत कम आबादी वाला है और इस सुरंग का मकसद केवल सैनिक उद्देश्यों की पूर्ति करना है। हालांकि चीनी विशेषज्ञ ने यह भी माना कि इस सुरंग से शांति के समय में भारतीय सैनिकों की आपूर्ति में बड़ी मदद मिलेगी। चीनी विशेषज्ञ ने ग्लोबल टाइम्स में

### आरोपः इस सुरंग का मकसद सैनिक उद्देश्यों की पूर्ति है

लिखा, श्अटल सुरंग का युद्ध के समय कोई फायदा नहीं होगा। चीन की सेना के पास ऐसे साधन हैं जिससे इस सुरंग को बेकार बनाया जा सकेगा। भारत को संयम बरतना चाहिए और उकसावे से बचना चाहिए क्योंकि कोई भी ऐसा रास्ता नहीं बचेगा जो भारत की रणनीतिक क्षमता को बढ़ाए। वह भी तब जब चीन और भारत की सैन्य तैयारी में बड़ा अंतर है। व्यवस्थित लड़ाई की क्षमता में भारत चीन से बहुत पीछे है।

चीनी विशेषज्ञ शोंग झोंगपिंग ने माना कि इस सुरंग के बन जाने से लेह तक की दूरी काफी कम हो गई है। इससे भारत को अपनी रणनीतिक तैयारी में मदद मिलेगी। चीनी विशेषज्ञ ने कहा कि भारत चीन सीमा पर सड़कें और पुल बना रहा है। दौलत बेग ओल्डी को जाने वाली 255 किमी लंबी रोड पूरी हो गई है। भारत 73 महत्वपूर्ण सड़कें बना रहा है जो ठंड में भी जारी रहेंगी।

झोंगपिंग ने दावा किया कि भारत आधारभूत ढांचे को बनाने पर जमकर पैसा खर्च कर रहा है लेकिन इसे पूरा करने के लिए उसके पास क्षमता की कमी है। भारत के पास पठारों पर रोड बनाने का पर्याप्त अनुभव नहीं है। उन्ध्होंने कहा कि युद्ध के समय अटल टनल कारगर नहीं होगी। भारत के नेताओं ने इस टनल का निर्माण केवल दिखावे और राजनीतिक उद्देश्घ्यों के लिए किया है।

## पैंगोंग झील के पास घुसपैठ कर रहा था भारत, चीनी सेना ने पीछे धकेला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच जारी सैन्य गतिरोध ा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच चीनी मीडिया ने दावा किया है कि भारत ने पैंगोंग झील के पास एक पहाड़ी चोटी पर कब्जे का प्रयास किया जिसे चीन के सैनिकों ने विफल कर दिया। चीन के सरकारी टीवी चैनल सीजीटीएन के न्यूज प्रड्यूसर शेन शिवेई ने भारतीय पक्ष की ओर से बनाए एक वीडियो को शेयर करके यह दावा किया। शिवेई ने वीडियो ट्वीट करके कहा, चीन की सेना पीएलए के सैनिक चीन का झंडा दिखा रहे हैं और पैंगोंग झील के पास एक पहाड़ी चोटी की सुरक्षा कर रहे हैं ताकि भारतीय सैनिक और ज्यादा आगे न बढ़ पाएं। चीन के सोशल मीडिया पर यह वीडियो काफी वायरल है। उध ार, भारतीय सोशल मीडिया में दावा किया जा रहा है कि तिब्बती युवकों से बनाई गई स्पेशल फ्रंटियर फोर्स के जवान चीनी सैनिकों का मुकाबला कर रहे हैं। यह वीडियो कब और कहां का है, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वीडियो में भारतीय सैनिक हिंदी और तिब्बती भाषा बोलते नजर आ रहे हैं।